हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026

09 नर्मदा जयंती आज: मैया रेवा की आराधना व महाआरती होगी








स्वागत वंदन अभिनंदन
मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नगर
गौरव दिवस पर पधार रहे
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी
एवं समस्त अतिथिगणों का
स्वागत वंदन अभिनंदन
डॉ मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन
हेमेश्वरी पटले
मुख्य, नगरपालिका अधिकारी
नीतू यादव
नपाध्यक्ष, नर्मदापुरम
महेंद्र यादव
विधायक प्रतिनिधि
अभय वर्मा
उपाध्यक्ष, नर्मदापुरम
नगरपालिका उपाध्यक्ष, सभापति एवं समस्त पार्षदगण
नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम्


नर्मदा जयंती
INDIA
गणतंत्र दिवस
की सभी जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
+ अस्पताल +
न्यू साहू हार्ट केयर
भर्ती
जांच
दवा
24 HOUR
डॉ. मनोज कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडीसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. शीतल साहू
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
बाल्य एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें
अत्याधुनिक उपकरण एवं जाँचों से सुसज्जित शहर का एकमात्र मेडिकल अस्पताल
शिक्षित एवं प्रशिक्षित स्टाफ विश्वसनीय प्रशिक्षित नर्सिंग सेवा।
24 घंटे जाँच, दवा एवं इलाज की संपूर्ण सुविधा एवं भर्ती सुविधा।
15 पलंग का सुसज्जित अस्पताल। 09 पलंग का वातानुकूलित एवं अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित आई.सी.सी.यू.।
अत्याधुनिक ई.सी.जी., ईको, कलरडोप्लर एवं एक्स-रे।
10000 से भी ज्यादा 2D-ECHO
Colour Doppler / Holter Monitoring
गहन चिकित्सा एवं वेंटीलेटर का अनुभव
15 पलंग का सुसज्जित सर्व सुविधायुक्त अस्पताल
24 घंटे इमरजेंसी भर्ती सुविधा
वेंटिलेटर एवं एंबुलेंस
सुविधा उपलब्ध
न्यू साहू हार्ट केयर, चर्च के पास, सदर बाजार, नर्मदापुरम म.प्र.
संपर्क करें - 9907228071, 07574-251217, 357044


मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नगर गौरव दिवस पर पधार रहे
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी
एवं समस्त अतिथिगणों का
स्वागत
वंदन
अभिनंदन
विकास नारोलिया
भाजपा नेता एवं समाजसेवी
श्रीमती माया नारोलिया
राज्यसभा सदस्य, नर्मदापुरम (म.प्र.)


हरित पैथोलॉजी लैब एंड ब्लड सेन्टर
डॉ.एस.चौबे
कनसलटेंट पैथोलॉजिस्ट
संपूर्ण आटोमेटिक लैब
एवं
लाइसेंस्ड ब्लड सेन्टर
उपलब्ध सुविधाएं
HARIT
सभी प्रकार के समान्य पैथोलॉजी टेस्ट
All types of Culture & Sensitivity (Blood Culture by BACT/Alert 3D & Vitek 2) Blood Bank Facility
Call - 07574-462793
युनिक डायग्नोस्टिक सेन्टर
डॉ. कीर्ति दुबे
MBBS, DNB (Paediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषिकांत दुबे
MBBS, DMRD, DNB (Radiodiagnosis)
रेडियोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं :-
MRI 1.5 Tesla
सोनोग्राफी
कलर डॉप्लर
डिजिटल एक्स-रे
MRI 1.5 TESLA
Mob.: 9111183362
चर्च के सामने, सदर बाजार नर्मदापुरम्


मां नर्मदा जयंती
के पावन पर्व पर
समस्त प्रदेशवासियों
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
परमपूज्य गुरुदेव
श्री सोमेश परसाई जी
राहुल सिंह सोलंकी
ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा, नर्मदापुरम


TEXMO
टेक्समो
सक्षम कृषि संपन्न किसान सशक्त राष्ट्र
पम्प जिस पर आप करें भरोसा
बसंत पंचमी एवं नर्मदा प्राकट्योत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
AQUA GROUP
असली टेक्समो सबमर्सिबल
सिर्फ इस रजिस्टर्ड TEXMO
ट्रेडमार्क के साथ आते है
नर्मदा मशीनरी
& इलेक्ट्रिकल्स
रामजी बाबा मार्केट, टेक्सी स्टैण्ड के सामने, नर्मदापुरम
अनिल अग्रवाल, नर्मदापुरम
मोबा.- 9425366223, 8889995455
अक्षत अग्रवाल, नर्मदापुरम
मोबा.- 8889995453


मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं
नगर गौरव दिवस पर पधार रहे
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी
एवं समस्त अतिथिगणों का
हार्दिक स्वागत, वंदन
अभिनंदन
भूपेन्द्र चौकसे
अध्यक्ष ज.प. नर्मदापुरम


मां नर्मदा जयंती
एवं
गणतंत्र दिवस
समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
मा. डॉ सीतासरन शर्मा जी
पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा एवं
विधायक इटारसी-नर्मदापुरम
एम.एस.
इंटरप्राइजेस
मा. श्री राहुल चौरे जी
मा. श्री पंकज चौरे जी
अध्यक्ष नगरपालिका परिषद इटारसी

## मंगलाचरण से हुआ शुभारंभ, उज्जैन की तर्ज पर बनेगा नर्मदा लोक, भोपाल चौराहे का होगा लोकार्पण

# नर्मदा जयंती आज: मैया रेवा की आराधना व महाआरती होगी

उज्जैन की तर्ज पर अब नर्मदापुरम में नर्मदालोक का निर्माण होने जा रहा है इसका भूमिपूजन 25 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। मुख्यमंत्री नर्मदापुरम में भोपाल चौराहे का लोकार्पण भी करेंगे वे मां नर्मदा जयंती पर विशेष पूजा अर्चना के साथ ही जिले को कई सौगात देगें। प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा जयंती के पूर्व ठिठुरन भरी चांदनी रात में भव्य नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर मैया रेवा की आराधना और महाआरती होगी। दो दिवसीय नर्मदा प्रकटोत्सव का आगाज शनिवार मंगलाचरण से हो गया है।

मां नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नगर गौरव दिवस 2026 का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई, जिसके पश्चात मां नर्मदा का विधिवत पूजन एवं अभिषेक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी आयोजित किए गए। शनिवार आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली चित्रकला एवं मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात मां नर्मदा जी की आरती शाम 7 बजे नित्य आरती समिति द्वारा की गई। महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रात्रि 7:30 बजे से प्रारंभ हुआ। इस दौरान श्वेता शर्मा एवं उनके साथियों ने मां नर्मदा पर आधारित आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। वहीं, रवि त्रिपाठी एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत भक्ति गायन ने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। इस दौरान सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर-एसपी ने देखी व्यवस्था

शनिवार 24 जनवरी को कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा की उपस्थिति में संपूर्ण तैयारियों की मॉक ड्रिल की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के हेलीपैड से सर्किट हाउस तक आगमन, सर्किट हाउस से जलपरी से मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर आगमन, जलमंच पर पूजन अभिषेक सहित संपूर्ण कार्यक्रम की तय रूपरेखा अनुसार मॉकड्रिल की गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें। किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे यह सुनिश्चित किया जाएं। कार्यक्रम का सुचारू और सफलतापूर्वक संचालन किया जाएं।

एमपीईबी कार्यक्रम के दौरान विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि नर्मदा प्राकटोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के पूजन के लिए आते हैं। इस दौरान जिले में बेहतर पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जाए। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि जल मंच पर सूची अनुसार व्यक्तियों को स्थान दिया जाए, जो कि सुरक्षा की दृष्टी से अत्याधिक महत्वपूर्ण है। उन्होनें निर्देशित किया कि जलमंच के लिए पृथक रूप से पास जारी किये जाएं तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति जलमंच पर बिना पास के अनाधिकृत रूप से प्रवेश न करे। कलेक्टर ने कमांडेंट होमगार्ड को निर्देश दिये है कि जल मंच पर पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा ने संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न सेक्टर पर तैनात बल और अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को तत्परतापूर्वक निभाएं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, एडिशनल एसपी अभिषेक राजन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पायलट बोट और पेट्रोलिंग बोट्स सक्रिय

कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त रूप से गोताखोर, एसडीआरएफ की टीम उपस्थित रहे साथ ही पायलट बोट एवं पैट्रोलिंग बोट्स भी लगातार रूप से सक्रिय रहे। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर मोबाइल नेटवर्क की बेहतर कनेक्टीविटी के लिए नेटवर्क बूस्टर स्थपित किये जाने के भी निर्देश मॉकड्रिल के दौरान दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारी वायरलेस के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में रहें। किसी भी स्थिति में ड्यूटी रथ अधिकारियों एवं कर्मचारी में किसी भी स्तर पर समन्वय की कमी न रहे। मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम प्रभारी कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत रहें। साथ ही समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारियों से समन्वय बना कर रखे। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेन्द्र चौकसे, विधाय प्रतिनिधि महेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अन्य व्यवस्थाओं की चर्चा की।

## हमने तीन साल में कितने ही ठोस निर्णय लेकर गढ़े विकास के आयाम



नर्मदा मैया की जय, मां नर्मदा के तट पर बसा हमारा नगर नर्मदापुरम आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है। नागरिकों की मंशा अनुरूप और हमारे वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम नगर में वे सब काम संभव हो पाएं हैं जो कभी सपने हुआ करते थे। हमारी परिषद द्वारा नगर विकास को लेकर एक रणनीतिक तैयारी शुरू की गई और आज तीन साल का आंकलन करें तो हरेक वार्ड में अनेक विकास कार्य हुए हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य किया है। जिनमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना, नगरीय निकाय योजना, केंद्रीय योजना, सांसद निधि, विधायक निधि का हमारी परिषद द्वारा बेहतर उपयोग कर नागरिकों को हरसंभव सुविधा प्रदान की गई है। हमारी परिषद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। नर्मदा तट पर बने यहां के घाट विश्व प्रसिद्ध हैं। यहां वर्ष भर धार्मिक पर्वो और उत्सवों पर मेलों का आयोजन होता है। यहां के प्रसिद्ध सेठानीघाट, पर्यटन घाट, विवेकानंद घाट, परमहंस घाट सहित अन्य घाटों पर शंख और घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजने लगती हैं। जब विप्रगण सम्वेद स्वरों से त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवि नर्मदे गाते हैं तो पूरा वातावरण नर्मदामय हो जाता है। माघ शुक्ल सप्तमी को मां नर्मदा का जन्मोत्सव नर्मदा जयंती के रूप में मनाया जाता है यह आयोजन पूरे देश में प्रसिद्ध है। जिनका सुनियोजित तरीके से आयोजन श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसलिए यह नगर धार्मिक पर्यटन के रूप में मानस पटल पर उभर रहा है। हमारी परिषद के तीन साल बेमिसाल रहे हैं। नगर से संबंधित कई बड़ी चुनौतियां थी जिसका हमारी परिषद ने सामना किया। हमारी परिषद द्वारा जो ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं उनमें मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण के साथ ही मंदिर को स्थानांतरित करना था। उक्त कार्य को भी हमारी परिषद द्वारा किया गया। जिसका नतीजा है कि मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण और मीनाक्षी का राजराजेश्वरी का मंदिर दिव्य और भव्य रूप में नजर आने लगा है। हमारी परिषद द्वारा मां नर्मदा लोक कोरीडोर, चौक चौराहों का चौड़ीकरण, राजघाट का उन्नयन कार्य, मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण, नए एवं भव्य मंदिर का निर्माण, घाटों का सौंदर्गीकरण विकास, स्टेडियम निर्माण, बस स्टेंड का नवीनीकरण, भोपाल तिराहे का सौंदर्गीकरण, सांस्कृतिक हाल का निर्माण, वार्डों में मंगल भवन, सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण, रैन बसेरों में समुचित व्यवस्थाएं, वार्डों में सड़कों का निर्माण, नालों का निर्माण, अतिक्रमण हटाओ मुहिम, नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वोपरि रखना आदि शामिल हैं। ये सभी कार्य बिना किसी भेदभाव के संपन्न किए जा रहे हैं। नागरिकों ने जिस मंशा से भाजपा की नगरपालिका बनाई है उसी मंशानुरूप हम कार्य कर रहे हैं। समय-समय पर नगरपालिका में बैठक लेकर पार्षदगणों के विचारों को समावेश कर नगर विकास कर रहे हैं। हमारी परिषद द्वारा स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। स्वच्छता के प्रति लोगों में जनजागरूता आ रही है। वार्डों के चौक चौराहों पर नगरपालिका परिषद की टीम नुक्कड़ नाटक और सोशल मीडिया के साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से स्वच्छता अभियान की अलख जगाने का कार्य कर रही है। हर वार्ड में समय पर कचरा गाड़ी पहुंच रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा कचरा का पृथकीकरण किया जा रहा है, जल्द ही हम कचरे के पहाड़ से नगर को मुक्ति दिलाएंगे। आने वाले समय में हम निरंतर कार्य करते रहेंगे। हमारी मंशा है कि हम नागरिकों के विश्वास पर खरा उतरें। नर्मदे हर....

**नीतू महेंद्र यादव अध्यक्ष**
नगरपालिका परिषद, नर्मदापुरम

## कोटवारों की गणवेश में गड़बड़ी की हुई शिकायत, खातों में राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मध्य प्रदेश में कोटवारों को ठेका व्यवस्था के अंतर्गत दी जा रही गणवेश को लेकर असंतोष की स्थिति सामने आई है। मामले में आजाद कोटवार संघ मध्य प्रदेश शाखा सोहागपुर की ओर से गत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है।

मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ शाखा सोहागपुर ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम तहसीलदार रामकिशोर झडबड़े को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन अनुसार ठेकेदार द्वारा दी गई वर्दी व सामग्री निम्न स्तर की है। वहीं ज्ञापन में यह उल्लेख भी है कि कोटवारों की गणवेश पहनने योग्य नहीं है। यह शासन के आदेश की अवहेलना और सरकारी धन का दुरुपयोग है। कोटवारों का कहना है कि वर्दी देने की अपेक्षा राशि कोटवारों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाए। ताकि वे स्वयं अपनी सुविधा से गुणवत्तापूर्ण वर्दी बनवा सकें। उनका यह भी कहना है कि अगर तकनीकी कारणों से राशि खातों में डालना संभव न हो तो कोटवार संघ के निर्णय लिया है कि हम ऐसी घटिया वर्दी स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही मांग की है कि घटिया सामग्री देने वाले ठेकेदार की जांचकर उचित कार्रवाई की जाए। कोटवारों ने आशा की है कि जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिये जाएं।

### सहायता कोष में राशि

ज्ञापन में कोटवार संघ ने उल्लेख किया है कि यदि बैंक खातों में राशि नहीं जमा नहीं की जाती है तो सरकार यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करे। ताकि राशि का उपयोग जनहित में हो सके। आजाद कोटवार संघ का कहना है कि वर्तमान में कोटवारों पर उक्त घटिया सामग्री लेने हेतु प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा है। अतः मांग है कि कोटवारों को ऐसी वर्दी लेने के लिए विवश न किया जाए एवं ठेकेदार को किए जाने वाले भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए। यदि कोटवारों को दी जाने वाली सामग्री की राशि सीधे खाते में नहीं की जा सकती तो हमारी वर्दी और सामग्री की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाए।

## लीनेस क्लब की नव नियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लीनेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह गत दिवस मढ़ई क्षेत्र के एक निजी रिसोर्ट में किया गया। जिसमें नव नियुक्त अध्यक्ष नंदिनी साहू ने अध्यक्षता की शपथ ली। वहीं वसंत पंचमी उत्सव भी इस अवसर पर आयोजित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष कल्पना रघुवंशी ने बताया कि शालनी चौहान को सचिव तथा मंजू दुबे को कोषाध्यक्ष पद की शपथ भी दिलाई गई। अनीता कत्थे ने नव कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस दौरान विमला अग्रवाल, तरुणा माहेश्वरी, अनीता कत्थे, संगीता खनूजा, कल्पना रघुवंशी, क्षमा दीवान, अर्चना खंडेलवाल, भावना खंडेलवाल, बबीता चौरसिया, वृंदा अग्रवाल, शकीना खान, अनीता चौधरी आदि की उपस्थिति रही।

## इटारसी में सजेगा राष्ट्रीय फुटबॉल का महाकुंभ

### तमिलनाडु और पंजाब पुलिस सहित देश की 20 टीमें दिखाएंगी दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के खेल इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। श्रीमंत विजयराजे सिंधिया खेल प्रशाल मैदान खेड़ा में आगामी 26 जनवरी से 1 फरवरी तक स्व. पंकज गोयल की स्मृति मैं भव्य राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को साईं कृष्णा रिसॉर्ट में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति और फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल ने प्रतियोगिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

### देश की नामी टीमें होंगी शामिल

अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश की लगभग 20 प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें मुख्य रूप से तमिलनाडु पुलिस, यंग हीरोज फुटबॉल क्लब वाराणसी, सेंट्रल रेलवे नागपुर, इंडियन लीग कोरबा, राजस्थान पुलिस, पंजाब पुलिस, मध्य प्रदेश की विभिन्न टीमें शामिल हैं।

### मैचों का समय और पुरस्कार

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 3 से 4 मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। प्रथम पुरस्कारः 51,000 रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कारः 31,000 रुपए और ट्रॉफी के अलावा बेस्ट स्कोरर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट गोलकीपर और 'मैन ऑफ द सीरीज' जैसे व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष निपुण गोठी, कोच भागवत सिंह, मौसम रघुवंशी, जिला फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी , नीलेश चौधरी, पप्पू चौधरी, महेंद्र मालवीय, नीरज यादव सहित आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। समिति ने बताया कि खेल मैदान को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है और दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को होगा और फाइनल मुकाबला 1 फरवरी को खेला जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आदिवासियों के बीच जमाई 'चौपाल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कामती में गत दिवस ब्लॉक कांग्रेस द्वारा 'मनरेगा बचाओ ग्राम चौपाल' आयोजन किया गया। जिसमें मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह विशेष रूप से शामिल हुए तथा आदिवासियों से चर्चा की। सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह पटेल के नेतृत्व में यह चौपाल लगाई गई। जिसमें नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी, सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा सोहागपुर नगर कांग्रेस कमेटी के समन्वय से ग्राम कांग्रेस इकाईयों का गठन किया गया। आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनी व समझीं। इस दौरान ग्रामीणों ने मनरेगा मजदूरी भुगतान में देरी, कार्य स्वीकृति में अनियमितता, भूमि एवं वनाधिकार से जुड़े विषयों पर समस्याएं बताईं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ग्राम पंचायत स्तर पर गठित कांग्रेस कमेटियों की समीक्षा भी की। सिंह ने इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं से समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही।

### चौपाल में गांवों से जुड़ा कांग्रेस संगठन

मनरेगा और आदिवासी मुद्दों पर चौपाल में वृहद चर्चा हुई तथा चौपाल के माध्यम से कांग्रेस संगठन गांवों से जुड़ा। वक्ताओं के अनुसार कांग्रेस की राजनीति मंचों की नहीं, बल्कि जमीन पर जनहित के काम करने की रही है। पार्टी नेताओं ने आयोजन की सफलता का श्रेय केंद्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर की



सक्रिय भूमिका को दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, सुहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, अभिलाष सिंह चंदेल, संतोष मालवीय, अमिताभ तिवारी, मधुसूदन यादव, चंद्रगोपाल मलैया, राधेश्याम पटेल, सुरेखा शाह, मंजेश पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौधरी, अमृत बिंदु डेरिया, ऋषभ दीक्षित, अर्पित तिवारी तथा अन्य कांग्रेसियों सहित आदिवासी उपस्थित थे।

भगवान देवनारायण की जयंती

## गुर्जर समाज के आराध्य देव की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण की जन्म जयंती के अवसर पर समाज ग्राम झालौन स्थित देवनारायण मंदिर को फूलों एवं रोशनी से सजाया गया सुबह से ही मंदिर में ग्राम वासियों द्वारा पूजन अर्चन हवन इत्यादि के आयोजन किए गए। दोपहर 12 बजे माखन नगर रोड स्थित बड़ा मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा में राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी बुलवाई गई इस चलत झांकी में कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की रासलीला की नृत्य की झलक देखकर शोभा यात्रा में उपस्थित जन समुदाय प्रफुल्लित हो उठा। शोभायात्रा में पुष्पराज सिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ,जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर एवं दौलत राम पटेल गुर्जर विकास समिति अध्यक्ष गिरिराज चौधरी प्रांशु राने राजेश चौधरी छोटे हजुर गलचा मेहरबान सिंह पटेल दयाराम पटेल ग्राम पंचायत सरपंच सत्यनारायण पटेल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के



सामाजिक बंधु मातृशक्ति एवं युवा सम्मिलित हुए शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर नगर वासियों द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा ग्राम झालौन स्थित देवनारायण मंदिर पहुंची जहां भगवान देवनारायण की आरती एवं भंडारा प्रसादी के पश्चात भगवान देवनारायण जयंती का आयोजन संपन्न हुआ।

## मुख्य समारोह में राज्य मंत्री पटेल फहराएंगे ध्वज

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम जिले के मुख्य पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 9 बजे ध्वज फहराएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री पटेल प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वज फहराएंगे एवं तत पश्चात राष्ट्रगान गाया जाएगा। मंत्री प्रातः 9.05 बजे से प्रातः 9:20 बजे तक सलामी परेड एवं परेड का निरीक्षण करेंगे, प्रातः 9.20 से प्रातः 9.50 बजे तक मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे तथा प्रातः 9.50 से प्रातः 10.10 बजे तक मार्च पास्ट, स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा तथा मध्य प्रदेश गान का गायन होगा। प्रातः 10.10 से प्रातः 10.20 बजे तक स्कूली छात्र छात्राएं पीटी का प्रदर्शन करेंगे। प्रातः 10.20 से प्रातः 10.40 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी एवं प्रातः 10:40 से प्रातः 11:10 बजे झांकी का प्रदर्शन होगा तथा प्रातः 11.10 से प्रातः 11.30 बजे तक पुरस्कार वितरण एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया जाएगा। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में स्कूली बच्चों के साथ विशेष मध्यान भोजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### माखननगर ने 28 अंकों से जीत हासिल की

## जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता, माखननगर अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मप्र उशिवि भोपाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस प्रतियोगिता में माखननगर महाविद्यालय विजेता रहा। प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में हुई। शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संभागीय ज्वाइंट कमिश्नर जीसी दोहर ने कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने कहा कि पिट्टू अपना राष्ट्रीय खेल बन चुका है। इसके साथ ही उन्होंने मताधिकार दिवस पर शपथ भी दिलाई।

विशेष आमंत्रित अतिथियों में नर्मदा पुरम पिट्टू एसोशिएशन के अध्यक्ष अशोक मालवीय, उपाध्यक्ष देवेंद्र परिहार एवं सचिव जफर सिद्दीकी सर व माखन नगर पार्षद निराजना दुबे उपस्थित रही। प्रतियोगिता में इटारसी, हरदा, माखननगर ,नर्मदापुरम पिपरिया, बनखेड़ी, टिमरनी सहित आठ टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय माखन नगर एवं शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम के बीच खेला गया जिसमें शासकीय महाविद्यालय माखन नगर ने 28 अंकों से जीत हासिल की पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधायक ठाकुर विजय पाल ,जन भागीदारी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी , हर्ष तिवारी एवं अन्य सम्माननीय अतिथि गणों की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम

**नर्मदापुरम।** स्वच्छता केवल शासन का काम नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से चलने वाला एक आंदोलन है। इसकी एक सुंदर झलक रिवर व्यू कल्चरल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में देखने को मिली। शनिवार सुबह रिवर व्यू कॉलोनी के नागरिकों ने हाथों में झाड़ू और डस्टबिन थामकर न केवल अपनी कॉलोनी को चमकाया, बल्की पूरे शहर के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया। अभियान का श्रीगणेश कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के समक्ष वंदन कर किया गया। यहा से स्वच्छता की टोली आगे बढी और देखते ही देखते कॉलोनी की हर सड़क, घर के प्रवेश द्वार और उद्यानों (गार्डन) के चारों ओर बिखरे कचरे को साफ कर दिया गया। समिति की सदस्य शिक्षिका सरिता लुटारे ने बताया इस अभियान में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### गोकुल धाम में खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव कल



**भैरूंदा।** इंदौर रोड स्थित गोकुल धाम कॉलोनी में रविवार 25 जनवरी को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। यहां स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वार्षिकोत्सव का आयोजन श्री श्याम परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 7:30 बजे प्रभु की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इसके पश्चात भजनों एवं संकीर्तन का आयोजन होगा, जहां श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर खाटू श्याम के भजनों पर झूमते नजर आएंगे। श्री श्याम परिवार ने क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता एवं श्याम भक्तों से सपरिवार वार्षिकोत्सव में शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### श्रीलंका और फ्रांस जैसे देशों के खिलाड़ियों और ग्रैंड मास्टर्स ने भी भाग लिया

# कलेक्टर ने शतरंज की बिसात पर मोहरों को अदभुत नचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिला प्रशासन और खेल प्रेमियों के लिए शनिवार का दिन उत्साह भरा रहा, जब जिला चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को हरदा डिग्री कॉलेज में आयोजित 'प्रथम हरदा ओपन इंटरनेशनल फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट' में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने न केवल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, बल्कि स्वयं भी बिसात पर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस टूर्नामेंट में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा श्रीलंका और फ्रांस जैसे देशों के विदेशी खिलाड़ियों और ग्रैंड मास्टर्स ने भी भाग लिया। यह एक फिडे रेटेड टूर्नामेंट है, जिसमें 9 राउंड के तहत रैपिड प्रारूप (15$5 समय नियंत्रण) में मुकाबले खेले गए। उद्घाटन सत्र में हरदा जिला के संरक्षक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, मध्यप्रदेश चेस एडहॉक कमेटी के कन्वीनर अक्षत खम्पारिया, फ्रांस से एंटोनी बोरनेल, श्रीलंका से सचिनी राणासिंघे, जिला चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन, हरदा डिग्री कॉलेज के संचालक गिरीश सिंहल, चीफ आर्बिटर श्रीहरि, उत्तर प्रदेश से दिनेश कुमार शर्मा एवं हरिओम शर्मा, गुजरात से नैतिक मेहता व मध्यप्रदेश से अश्विन डेनियल, प्रखर बजाज, एस.के. राठौर, राजस्थान से अरुण कटारिया सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### उद्घाटन सत्र में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने उद्घाटन सत्र के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैच में भाग लेकर अपनी खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने स्थानीय युवाओं को शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को अपनाने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। खेल अनुशासन संयम और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में किसी भी खेल से जुड़ाव रखना चाहिए। टूर्नामेंट में 1,50,000 रुपये की राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर मद से प्रदान किये है।

## पुलिस ने मवेशी चुराने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया




हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले की रहटगांव थाना पुलिस ने जंगल क्षेत्र से ग्रामीणों के मवेशी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि 25 दिसंबर को बलिराम पिता दादू सिलरे, निवासी ग्राम कायदा, थाना रहटगांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके छह मवेशी, जिनमें तीन भैंस, दो पाड़िया और एक बोदा शामिल थे, अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर कायदा निवासी संदिग्ध काशीराम से पूछताछ की गई, जिसने आरोपियों और चोरी किए गए मवेशियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जानकारी के आधार पर एक टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में भैरूंदा (नसरुल्लागंज) रवाना किया गया। टीम ने वहां से आरोपी अरमान पिता अब्दुल रजाक (32) और साजिद पिता रहीस खान (29), दोनों निवासी सोंटिया, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मवेशियों को चोरी कर सीहोर जिले में बेचते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज दुबे, एएसआई माधव भाट, हेडकांस्टेबल प्रदीप रघुवंशी, गजेंद्र यादव, आरक्षक महेंद्र रघुवंशी, ब्रजेश, आरक्षक रविंद्र और साइबर आरक्षक मनोज दोहरे की विशेष भूमिका रही।

## रस्साकशी में बुजुर्गों ने दिखाया दम छात्रों ने कबड्डी में बाजी मारी



**इछावर।** शुक्रवार को नादान मिडिल स्कूल परिसर में सेक्टर स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ आदि गतिविधियों के साथ ही लोक नृत्य, संगीत नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में नादान , अलीपुर, जामली और मोयापानी पंचायत के ग्रामीण एवं स्कूलों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि राजेश राठौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में रस्साकसी प्रतियोगिता में बुजुर्गों की टीम ने दम दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नादान और अलीपुर मिडिल स्कूल के बीच कबड्डी का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें नादान स्कूल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। चम्मच दौड़ में अलीपुर के छात्र रितेश प्रथम एवं नादान स्कूल की छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कुर्सी दौड़ में नादान की प्रियांशी ने प्रथम , कोलूखेड़ी की सोनाक्षी ने द्वितीय एवं वीरपुर की छात्रा विपाशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में अलीपुर मिडिल स्कूल प्रथम रही जबकि नादान उपविजेता रही है। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी महेश कुमार राठौर , शिक्षक कमलसिंह मालवीय, पंचायत सचिव नेपाल सिंह नागर, मेहरबान सिंह प्रजापति, हेमराज बारेला, दशरथ सिंह मालवीय, संतोष सूर्यवंशी, अजरूद्दीन, ओमप्रकाश मालवीय, अब्दुल अनीस, जगदीश बारेला, शिवानी जयसवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में उत्साह पूर्वक बसंत पंचमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ज्ञान की देवी मां सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सरस्वती वंदना क्री गई।

आयोजित कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति और खासकर विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व है।

बिना ज्ञान के मनुष्य का जीवन पशु तुल्य है। हमारे शास्त्रों में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को माना गया है, इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा माता सरस्वती की आराधना करना चाहिए। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं के साथ छात्रों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भैरुंदा के चार होनहारों की चमक, सीहोर की जीत में निभाई अहम भूमिका

**भैरुंदा।** खेलो मध्य प्रदेश अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने राजगढ़ के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीहोर ने बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत में भैरुंदा के दिव्यांशु वर्मा, पीयूष प्रधान, रौनक शर्मा, भविष्य पंवार, इन चार खिलाड़ियों का योगदान खास रहा।

जिले की टीम में इन चारों की मौजूदगी नगर के लिए गर्व का विषय है। राज्य स्तरीय मंच पर भैरुंदा के खिलाड़ियों की यह सफलता क्षेत्र की खेल प्रतिभा को नई पहचान दिलाएगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच राकेश पंवार (रक्का) का मार्गदर्शन रहा। कोच पंवार ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और तकनीकी तैयारी के जरिए खिलाड़ियों को इस स्तर तक पहुंचाया। खेल प्रेमियों का मानना है कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रेमियों, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने टीम को बधाई देते हुए फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




## जांच अधिकारी बोले-एक महीने पहले ही सौंप दी रिपोर्ट, एक करोड़ राजस्व घाटे का आरोप

### जांच रिपोर्ट सौंपने के बाद भी चुप्पी

**सीहोर।** बिजली कंपनी के डिवीजनल इंजीनियर (डीई) अमित राय पर करीब एक करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के गंभीर आरोप लगे हैं। इन आरोपों की जांच पिछले 14 महीनों से चल रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

यह शिकायत इंडियन वेलफेयर सोसायटी द्वारा लिखित रूप में की गई थी। आरोप है कि डीई अमित राय ने नवीन विकसित कॉलोनियों में विद्युतीकरण कार्य के दौरान अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने कागजों में कॉलोनियों का क्षेत्रफल कम दिखाकर सात बड़े कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाया, जिससे बिजली कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।शिकायत सामने आने के बाद तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (एसई) राकेश नायक ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए थे।

### जांच रिपोर्ट सौंपी, लेकिन फैसला लंबित

मामले की जांच कर रहे अधिकारी राजन मिश्रा ने बताया कि उन्होंने निष्पक्ष तरीके से जांच पूरी कर ली है। करीब एक महीने पहले जांच रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को सौंप दी गई थी। अब आगे की कार्रवाई का फैसला वरिष्ठ स्तर पर लिया जाना है, जो फिलहाल लंबित है।




### विजिलेंस में पदस्थ विभाग पर उठे सवाल

गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद डीई अमित राय वर्तमान में सीहोर में ही विजिलेंस विभाग में पदस्थ हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई न होना और आरोपी अधिकारी का विजिलेंस जैसे विभाग में बने रहना, विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

## चेकिंग के दौरान सवा किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**हरदा।** पुलिस ने खंडवा रोड पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सवा किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।

जब्त गांजे की कीमत करीब 16 हजार रुपए बताई जा रही है। सिविल लाइन थाना टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को पुलिस खंडवा रोड पर संदिग्ध वाहनों की तलाश कर रही थी। पुरानी पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति हाथ में थैली लेकर हरदा की ओर आ रहा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम आनंद पिता घनश्यामदास बिल्लोरे (52) निवासी जैन मंदिर के पास, खेड़ीपुरा बताया। उसके हाथ में रखी पन्नी से करीब 1 किलो 255 ग्राम गांजा जब्त किया गया। टीआई तिवारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह यह अवैध गांजा कहां से लाया था। पुलिस सप्लाई चैनल की जांच में जुटी है।

## बोरखेड़ाकलां बालिका क्रिकेट टीम का दबदबा कायम



**भैरूंदा।** सुषमा स्वराज स्टेडियम में आयोजित बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में बोरखेड़ा कलाँ की बालिका क्रिकेट टीम ने शानदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए मेजबान खातेगांव को 10 विकेट से पराजित कर लगातार दसवीं बार जीत अपने नाम दर्ज की।फाइनल मुकाबले में बोरखेड़ा कलाँ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी खातेगांव की बालिका टीम 8 ओवर के निर्धारित मुकाबले में केवल 35 रन ही बना सकी। बोरखेड़ा की ओर से दीक्षा पंवार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं सुहाना धावरे और निशा पंवार ने 2-2 विकेट लेकर मेजबान टीम की रन गति पर पूरी तरह अंकुश लगाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोरखेड़ा कलाँ की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए महज 3 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से निशा पंवार ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 25 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।मैच के समापन अवसर पर खातेगांव नगर परिषद की अध्यक्ष ने विजेता बोरखेड़ा कलाँ टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और टीम के अनुशासन व खेल भावना की सराहना की। इस ऐतिहासिक जीत पर बोरखेड़ा कलां गांव में हर्षोल्लास का माहौल रहा, वहीं समस्त ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सांदीपनि विद्यालय में बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस का गरिमामय आयोजन

# मां सरस्वती की पूजा, नेताजी को नमन-ज्ञान अनुशासन और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रहा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभावना से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, वहीं पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रातःकालीन वातावरण मंत्रोच्चार, भक्ति और देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यालय परिसर ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री शैलेन्द्र जी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और नवचेतना का पर्व है, जो विद्यार्थियों में सद्बुद्धि, विवेक और सृजनशीलता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्माण भी है। विद्यार्थियों को जीवन में सत्यनिष्ठा, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। पराक्रम दिवस के संदर्भ में प्राचार्य ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की अनुपम मिसाल है। उनका दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान के विद्यार्थी ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं और उन्हें देशहित को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने सत्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समापन माँ सरस्वती से सद्ज्ञान की प्रार्थना एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को शत-शत नमन के साथ हुआ। कार्यक्रम की गरिमा और अनुशासित आयोजन ने सभी उपस्थितों पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

## बसंत पंचमी पर स्थापना दिवस मनाया गया, विधायक सुदेश राय हुए शामिल



**अहमदपुर।** शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर अहमदपुर में संचालित रेड रोज स्कूल में, रजत जयंती स्थापना दिवस 25 व वर्ष बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि छात्र-छात्रा पालकगण उपस्थित थे

कार्यक्रम में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई छात्र-छात्रा द्वारा दी गई प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन प्रतीक चण्डक ने किया एब कार्य्रकम का आयोजन महेंद्र दांगी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि गर्व की बात है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे पढ़कर कई प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाए दे रहे है अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वही विधायक सुदेश राय ने सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाओं के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की अपने उद्बोधन में विधायक सुदेश राय ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधार रहा है, शिक्षा को लेकर लोग जागरूकता दिख रहे है अपने बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दिलाने का प्रयास उनके माता-पिता द्वारा किया जा रहा है वही विधायक सुदेश राय ने विद्यालयों में पड़कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों की जमकर तारीफ की है और कहां है कि विद्यार्थियों के लिए जब भी किसी विद्यार्थियों को उनकी जरूरत पड़ेगी विधायक सुदेश राय हमेशा उनके लिए तत्पर रहेंगे।